(c) The extent of lack of chances of promotion will be known after the information referred to in (b) above is collected from all cadres.

(d) Does not arise.

**विशाखापत्तनम पत्तन**

5677. **श्री यशवन्त सिंह कुशवाह** : क्या परिवहन तथा नौवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि विशाखापत्तनम पत्तन में बड़े जहाजों में माल लादने की व्यवस्था संतोषजनक न होने के कारण बेलाडिला में तैयार होने वाली वस्तुओं के निर्यात में बाधा होती है और अतिरिक्त व्यय करना पड़ता है; और

(ख) यदि हां, तो इस बारे में सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

**परिवहन तथा नौवहन मंत्री (डा० वी० के० आर० वी० राव)** : (क) और (ख). अनुमानतः माननीय सदस्य का आशय बेलाडिल्ला खानों के खनिज लोहे के निर्यात के लिये विशाखापत्तनम पर की सुविधाओं से है।

विशाखापत्तनम पर बेलाडिल्ला के खनिज लोहे को बड़े बड़े जहाजों में प्रति घंटा लगभग 1500 टन की औसत गति से मशीनों द्वारा लादने का प्रबन्ध मौजूद है। यह प्रबन्ध बिलकुल संतोषजनक है और कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इस समय बेलाडिल्ला की जितनी भी खनिज धातु आती है उसकी धरा-उठाई संतोषजनक तरह से की जा रही है फिर भी पत्तन में कच्ची धातु की धरा-उठाई करने वाले यांत्रिक संयंत्र में उसकी क्षमता को बढ़ा कर प्रति घंटा 3000 टन तक करने की दृष्टि से, कुछ परिवर्तन तथा सुधार किये जा रहे हैं।

**शेख अब्दुल्ला की गृह-कार्य मंत्री से वार्ता**

5678. **श्री यशवन्त सिंह कुशवाह** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शेख अब्दुल्ला हाल ही में उनसे मिले थे; और

(ख) यदि हां, तो बातचीत का ब्यौरा क्या है ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल)** : (क) जी हां।

(ख) शेख अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-काश्मीर राज्य के लोगों की राय के अनुसार भारत और पाकिस्तान दोनों का हित ध्यान में रखते हुए, काश्मीर समस्या का समाधान ढूंढना चाहिये। गृह मंत्री जी ने उन्हें कहा कि जम्मू-काश्मीर भारत का अविभाज्य अंग है, इसमें पाकिस्तान का कोई दखल नहीं हो सकता, इस वास्तविकता को ध्यान में रखना ही सहायक होगा।

**अश्लील साहित्य**

5679. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने आगरा से प्रकाशित होने वाली "आजाद लोक" साप्ताहिक पत्रिकाओं की अश्लीलता की दृष्टि से जांच की है;

(ख) क्या यह सच है कि कोटा, राजस्थान के दण्डाधीश ने चमन न्यूज एजेंसी कोटा से इस प्रकार की कुछ पत्रिकाएं पकड़ी हैं; और

(ग) यदि हां तो इन अश्लील पत्रिकाओं के प्रकाशन को रोकने के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

**गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल)** : (क) उत्तर प्रदेश सरकार ने जिसके अधिकार क्षेत्र में पत्रिका प्रकाशित होती है स्थानीय प्राधिकारियों को पत्रिका के प्रत्येक अंक की परीक्षा करने तथा उन अंकों में छपी अश्लील सामग्री के लिये साप्ताहिक के सम्पादक मुद्रक और प्रकाशक के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने के अनुदेश दिए हैं। राज्य सरकार ने सूचित किया है कि पत्रिका के सम्पादक के विरुद्ध 16 मुकदमे न्यायालय में निलम्बित पड़े हैं।

(ख) सूचना एकत्रित की जा रही है तथा तथा सदन के सभा पटल पर रख दी जाएगी।

(ग) सभी राज्य सरकारों तथा संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों से सभी अश्लील प्रकाशनों के उत्पादन, बिक्री तथा सरकुलेशन को रोकने के लिये कारगर कार्याही करने का अनुरोध किया गया है। एक गैर-सरकारी विधेयक नामतः भारतीय दण्ड संहिता (संशोधन) विधेयक 1967 जो भारतीय दण्ड संहिता के वर्तमान उपबन्धों को अश्लील प्रकाशनों से निपटने के लिये सशक्त करता है तथा अश्लील प्रकाशनों को जप्त करने के अधिकार राज्य सरकारों को देता है सदन के विचाराधीन है।

### हिन्दी में उच्चतर शिक्षा संबंधी छः वर्षीय योजना

5680. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान सरकार ने हिन्दी में उच्चतर शिक्षा देने के लिए एक छः वर्षीय योजना भेजी है ;

(ख) यदि हां, तो उसकी रूपरेखा क्या है ; और

(ग) उस पर कितना व्यय होने का अनुमान है ?

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शेर सिंह)** : (क) ऐसा कोई प्रस्ताव इस मंत्रालय में प्राप्त नहीं हुआ है।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता।

### Calcutta Tramway Co. Inquiry Commission

5681. SHRI K. RAMANI:
SHRI K. M. ABRAHAM:
SHRI GANESH GHOSH:
SHRI B. K. MODAK:
SHRI JUGAL MONDAL:

Will the Minister of TRANSPORT AND SHIPPING be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Calcutta Tramway Inquiry Commission has termed fishy the remittance of Rs. 9 lakhs in March, 1967, and Rs. 5 lakhs in May to the London Office of the Tram Company; and

(b) if so, the reaction of Government thereto?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF TRANSPORT AND SHIPPING (SHRI BHAKT DARSHAN): (a) and (b). The required information is being collected from the Government of West Bengal and will be laid on the Table of the House, when received.

### Development of Merchant Shipping

5682. SHRI HIMATSINGKA: Will the Minister of TRANSPORT AND SHIPPING be pleased to state:

(a) whether the U.K. has turned cold sholder to almost all the proposals made by India and other less advanced countries with regard to the development of their own merchant marines by these developing countries; and

(b) if so, the specific steps suggested by the developing countries in this regard in the Committee on invisibles including found by the UNCTAD II